# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

## Term-End Examination

## December, 2010

## ELECTIVE COURSE : COMMERCE
## ECO-14 : ACCOUNTANCY-II

*Time : 2 hours* *Maximum Marks : 50*

***Note :*** *Attempt **any four** questions including question no. **1** which is **compulsory**.*

1. Attempt *any two* of the following questions: 7+7
   (a) Explain briefly the objectives of keeping branch accounts.
   (b) Show how unrealized profit in case of Departmental Accounting is worked out and accounted for ?
   (c) Describe the rights of a hirer under the hire purchase agreement.
   (d) Distinguish between fixed and fluctuating capitals and state their accounting in partnership accounts.

06922

2. (a) What are preliminary expenses ? How are they treated in the final accounts of a company ? 6+6

(b) Briefly explain the following :

(i) Comparative statements

(ii) Common Size statements

3. What is 'Cash Flow Statement' ? How does it differ from 'Fund Flow Statement ? State the uses of cash flow statement. **2+5+5**

4. A and B are partners sharing profit and losses in the ratio of 5:3. They admit C as new partner who plays Rs. 54000 as premium for goodwill for 1/5th share in future profit of the firm. Pass Journal entries and show the new profit sharing ratio in each of the following cases: **12**

(a) if he acquires his share in the original ratio of existing partners;

(b) if he acquires his share in equally from the existing partners;

(c) if he acquires his share in ratio of 3:1 from the existing partners; and

(d) if he acquires his share as $\frac{1}{6}^{th}$ from A and $\frac{1}{30}^{th}$ from B.

5. Kaveri LTD. invited applications for 20,000 shares of Rs 10 each payable as under: **12**

Rs 3 per share on application

Rs 3 per share on allotment

Rs 2 per share on $1^{st}$ call

Rs 2 per share on Final call

Final call was not made by the company. An applicant who was alloted 100 shares failed to pay allotment and $1^{st}$ call money. His shares were forfeited after the $1^{st}$ call and immediately re-issued at Rs 8.5 per share. Make necessary entries in the journal and prepare the balance sheet of the company.

6. On $1^{st}$ April 2006 Appalo Ltd. issued 2000 12% Debentures of Rs 100 each repayable at par at the end of 3 years. It was decided to set up a 'sinking Fund' for the purpose of their redemption. The investments are expected to earn interest @ 4% p.a. The sinking fund table Shows that Re. 0.320348 invested each year amounts to Re. 1 @ 4 % p.a. in the three years. Investments were sold at par on $31^{st}$ March 2009 and the debentures were paid off. Prepare necessary ledger accounts in the books of company. **12**

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा
## दिसम्बर, 2010

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

## ई.सी.ओ.-14 : लेखाविधि-II

*समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 50*

**नोट :** *__किन्हीं चार__ प्रश्नों के उत्तर लिखिए जिन में प्रश्न संख्या 1 शामिल हो, क्योंकि यह __अनिवार्य__ है।*

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7+7

(a) ब्रांच खाते रखने के उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए।

(b) यह दिखाइए कि विभागीय खातों की स्थिति में अनार्जित लाभ किस प्रकार निकाला जाता है तथा उस का लेखांकन कैसे किया जाता है?

(c) अवक्रय लेखा संविदा के अन्तर्गत अवक्रेता के अधिकारों का उल्लेख कीजिए।

(d) स्थायी तथा घटती बढ़ती पूँजी में अन्तर बताइए तथा साझेदारी लेखों में उनके लेखांकन की विधि का उल्लेख कीजिए।

2. (a) प्रारम्भिक व्यय से क्या तात्पर्य है? उन्हें कम्पनी के लेखों में किस प्रकार दिखाया जाता है? व्याख्या कीजिए। 6+6

(b) निम्नलिखित की संक्षेप में व्यांख्या कीजिए :

(i) तुलनात्मक विवरण

(ii) सामान्य आकार विवरण

3. रोकड़ प्रवाह विवरण क्या है? यह कोष प्रवाह विवरण से किस प्रकार भिन्न है? रोकड़ प्रवाह विवरण के उपयोगों का उल्लेख कीजिए। 2+5+5

4. A तथा B साझेदार हैं। वे लाभ-हानि को 5 : 3 के अनुपात में बांटते हैं। उन्होने C को एक नए साझेदार के रूप में फर्म में प्रविष्ट किया। वह 54,000 रु. फर्म के भावी लाभों में $1/5$ की भागीदारी हेतु ख्याति के अपने अंश के रूप में लाता है। निम्नलिखित प्रत्येक स्थिति में नया लाभ-विभाजन अनुपात निकालिए तथा ख्याति संबंधी आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां कीजिए। 12

(a) यदि वह अपना हिस्सा वर्तमान साझेदारों से उन के मूल अनुपात में ही प्राप्त करता है;

(b) यदि वह अपना हिस्सा वर्तमान साझेदारों से बराबर-बराबर प्राप्त करता है;

(c) यदि वह अपना हिस्सा वर्तमान साझेदारों से 3 : 1 के अनुपात में प्राप्त करता है; तथा

(d) यदि वह अपना हिस्सा $1/6^{th}$ A से तथा $1/30^{th}$ B से प्राप्त करता है।

5. कावेरी लि. ने 10 रु. वाले 20,000 शेयरों के लिए आवेदन आमंत्रित किए। इन पर **12**

3 रु. प्रतिशेयर आवेदन पर

3 रु. प्रति शेयर आवंटन पर

2 रु. प्रति शेयर पहली मांग पर

2 रु. प्रति शेयर अंतिम मांग पर

देय थे। कंपनी ने अंतिम मांग नहीं की। एक प्रार्थी, जिसे 100 शेयर आवंटित हुऐ थे, ने आवंटन तथा पहली माँग की राशी का भुगतान नहीं किया। फलस्वरुप, पहली मांग के बाद उन के शेयर को जप्त कर लिया गया तथा उन्हें तुरन्त 8.5 रु. प्रति शेयर की दर से पुनर्निर्गमित कर दिया।

कंपनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए तथा बेलेंस शीट बनाइए।

6. 1 अप्रैल 2006 को आपोलों लि. ने 100 रु. प्रति ऋणपत्र वाले 2,000 12% ऋण पत्र निर्गमित किए। इनका तीन वर्ष बाद पुनर्भुगतान किया जाना था। इस उद्देश्य से एक शोधन कोष का निर्माण किया जाना तय हुआ। निवेश से 4% प्रतिवर्ष अर्जित होगा। सिंकिंग फंड तालिका दिखाती है कि यदि 0.320348 रु. प्रतिवर्ष निवेशित किया जाए तो तीन वर्ष के अन्त में 4% ब्याज की दर से वह 1 रु. हो जाएगा। 31 मार्च, 2009 निवेशों को सममूल्य पर बेच दिया गया तथा ऋणपत्रों का पूर्णत शोधन हो गया। **12**

कंपनी की पुस्तकों में आवश्यक लेजर खाते बनाइए।

---